मैया मैया बोल नैया पार लग जाएगी

मैया मैया बोल नैया पार लग जाएगी,
पार लग जाएगी किनारे लग जाएगी,
मैया मैया बोल नैया पार लग जाएगी....

जिसको तू कहता है मेरा मेरा,
साथ नहीं देगा वह जग तेरा,
स्वार्थी है दुनिया किनारा कर जाएगी,
मैया मैया बोल नैया पार लग जाएगी....

दुनिया के आगे कुछ नहीं कहना,
तेरे रोने से यहां कुछ नहीं होना,
रो रो के कहोगे तो हंस के उड़ाएगी,
मैया मैया बोल नैया पार लग जाएगी....

अपनी लगन मैया रानी से लगा ले,
अंबे रानी को तू अपना बना ले,
तेरी यह लगन ऐसा रंग लेकर आएगी,
मैया मैया बोल नैया पार लग जाएगी....

मानुष जन्म बंदे फिर नहीं पाएगा,
इसको गवाना नहीं फिर पछतायेगा,
खाली हाथ आया है तो इसखाली चला जाएगा,
मैया मैया बोल नैया पार लग जाएगी....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26179/title/mayia-mayia-bol-nayia-paar-lag-jayegi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |